NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK JAGRAN, Rastriya Sanskaran, 14.2.2024
Page No. 3, Size:(2.92)cms X (8.59)cms.

# वैष्णव बोले, बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें

नई दिल्ली, आइएएनएस : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें।

वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा। भारत की पहली बुलेट ट्रेन के चलने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटे में तय हो जाएगी। रेल मंत्री के साझा किए वीडियो में बुलेट ट्रेन की विभिन्न विशेषताओं को दर्शाया गया है। इस आधुनिकतम ट्रेन परियोजना के लिए सरकार ने 1.08 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन की इस रूट पर अधिकतम रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा रह सकती है। बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा।

DAINIK JAGRAN, Delhi, 14.2.2024
Page No. 15, Size:(5.56)cms X (4.84)cms.

## बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, आइएएनएस** : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें। वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा। बुलेट ट्रेन से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी दो घंटे में तय हो जाएगी।

## बुलेट ट्रेन रूट की खूबियां

बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा। बुलेट ट्रेन के इस मार्ग के लिए विभिन्न नदियों पर 24 पुल बनाए जा रहे हैं। 28 स्टील के पुल और सात पर्वतीय सुरंगें भी बन रही हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है कि समुद्र के अंदर भी सात किलोमीटर लंबी सुरंग होगी जिससे बुलेट ट्रेन गुजरेगी। वीडियो में इस परियोजना को विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग का नमूना बताया।

NAI DUNIYA, Bhopal, 14.2.2024
Page No. 9, Size:(13.47)cms X (17.89)cms.

# बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ( आइएएनएस )।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा।


अश्विनी वैष्णव

भारत की पहली बुलेट ट्रेन के चलने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटे में तय हो जाएगी। रेल मंत्री के साझा किए वीडियो में बुलेट ट्रेन की विभिन्न विशेषताओं को दर्शाया गया है। इस आधुनिकतम ट्रेन परियोजना के लिए सरकार ने 1.08 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन की इस रूट पर अधिकतम रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा रह सकती है।

बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा। बुलेट ट्रेन के इस मार्ग के लिए विभिन्न नदियों पर 24 पुल बनाए जा रहे हैं। 28 स्टील के पुल और सात पर्वतीय सुरंगें भी बन रही हैं।

NAI DUNIYA, Jabalpur, 14.2.2024
Page No. 10, Size:(13.90)cms X (16.93)cms.

# बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ( आइएएनएस )।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा।


अश्विनी वैष्णव

भारत की पहली बुलेट ट्रेन के चलने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटे में तय हो जाएगी। रेल मंत्री के साझा किए वीडियो में बुलेट ट्रेन की विभिन्न विशेषताओं को दर्शाया गया है। इस आधुनिकतम ट्रेन परियोजना के लिए सरकार ने 1.08 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन की इस रूट पर अधिकतम रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा रह सकती है।

बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा। बुलेट ट्रेन के इस मार्ग के लिए विभिन्न नदियों पर 24 पुल बनाए जा रहे हैं। 28 स्टील के पुल और सात पर्वतीय सुरंगें भी बन रही हैं।

NAI DUNIYA, Indore, 14.2.2024
Page No. 13, Size:(13.82)cms X (17.33)cms.

# बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ( आइएएनएस )।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा।



अश्विनी वैष्णव

भारत की पहली बुलेट ट्रेन के चलने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटे में तय हो जाएगी। रेल मंत्री के साझा किए वीडियो में बुलेट ट्रेन की विभिन्न विशेषताओं को दर्शाया गया है। इस आधुनिकतम ट्रेन परियोजना के लिए सरकार ने 1.08 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन की इस रूट पर अधिकतम रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा रह सकती है।

बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा। बुलेट ट्रेन के इस मार्ग के लिए विभिन्न नदियों पर 24 पुल बनाए जा रहे हैं। 28 स्टील के पुल और सात पर्वतीय सुरंगें भी बन रही हैं।

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

NAI DUNIYA, Raipur, 14.2.2024
Page No. 13, Size:(20.29)cms X (12.98)cms.

# बुलेट ट्रेन के लिए 'मोदी 3.0' से जुड़े रहें : अश्विनी वैष्णव

## आधुनिकतम ट्रेन परियोजना पर सरकार ने निवेश किया है 1.08 लाख करोड़

**नई दिल्ली (आइएएनएस)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कारिडोर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। साथ ही कहा कि बुलेट ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े रहें।



अश्विनी वैष्णव ●फाइल फोटो

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल यानी 'मोदी 3.0' में देशवासियों को बुलेट ट्रेन का सुख मिलेगा। भारत की पहली बुलेट ट्रेन के चलने से मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटे में तय हो जाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने के साझा किए वीडियो में बुलेट ट्रेन की विभिन्न विशेषताओं को दर्शाया गया है। इस आधुनिकतम ट्रेन परियोजना के लिए सरकार ने 1.08 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन की इस रूट पर अधिकतम रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा रह सकती है।

**रेल मंत्री ने वीडियो साझा कर बताई ट्रेन की विशेषताएं कहा-दूरी दो घंटे में होगी पूरी**

बुलेट ट्रेन के कारिडोर में स्लैब ट्रैक प्रणाली का इस्तेमाल होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल भारत में पहली बार होगा। बुलेट ट्रेन के इस मार्ग के लिए विभिन्न नदियों पर 24 पुल बनाए जा रहे हैं। 28 स्टील के पुल और सात पर्वतीय सुरंगें भी बन रही हैं। इनकी मदद से बुलेट ट्रेन के संचालन को निर्बाध रखा जा सकेगा। बुलेट ट्रेन के इस रूट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस रास्ते पर समुद्र के अंदर भी सात किलोमीटर लंबी सुरंग होगी जिससे बुलेट ट्रेन गुजरेगी। वीडियो में इस परियोजना को विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग का नमूना और भावी भारत की पहचान बताया गया है।